**जल जीवन मिशन कार्यक्रम के अन्तर्गत जिलाधिकारी महोदया, हापुड़ की अध्यक्षता में गठित "जिला पेयजल एवं स्वच्छता मिशन" समिति की दिनांक 29.05.2023 को आयोजित बैठक का कार्यवृत्त**

जिलाधिकारी महोदया, हापुड़ की अध्यक्षता में गठित **"जिला पेयजल एवं स्वच्छता मिशन"** समिति की बैठक सदस्य सचिव, जिला पेयजल एवं स्वच्छता मिशन हापुड़ के पत्रांक 733/सा0–7/34 दिनांक 26.05.2023 द्वारा दिनांक 29.05.2023 को आयोजित की गयी।

बैठक में निम्नलिखित सदस्यों द्वारा प्रतिभाग किया गया:–

1. जिलाधिकारी महोदया – अध्यक्ष
2. मुख्य विकास अधिकारी – उपाध्यक्ष
3. जिला विकास अधिकारी – सदस्य
4. प्रभागीय वनाधिकारी स्वय अथवा उनके द्वारा नमित सदस्य – सदस्य
5. जिला मुख्य चिकित्सा अधिकारी, – सदस्य
6. जिला बेसिक शिक्षा अधिकारी, – सदस्य
7. अधिशासी अभियन्ता वाटर रिसोर्सेस/सिंचाई – सदस्य
8. अधिशासी अभियन्ता, ग्राउण्ड वाटर, – सदस्य
9. जिला कृषि अधिकारी, – सदस्य
10. जिला सूचना एवं जन सम्पर्क अधिकारी, – सदस्य
11. जिला पंचायत राज अधिकारी, – सदस्य
12. अधिशासी अभियन्ता, ख0 का0, उ0प्र0 जल निगम (ग्रामीण), हापुड़ – सदस्य सचिव
13. तहसीलदार, तहसील हापुड़/धौलाना/गढ़मुक्तेश्वर।
14. मै0 एल0सी0 इन्फ्रा प्रोजेक्ट प्रा0लि0 एवं टी0सी0ई0एल0 जे0वी0, अहमदाबाद, गुजरात।
15. ग्रामीण विकास ट्रस्ट, कृभको भवन, ए–10, सैक्टर–1, नोएडा।
16. जनकल्याण शिक्षा विकास सेवा समिति, ग्राम लोदीपुर, तहसील गढ़मुक्तेश्वर, हापुड़।
17. डिस्ट्रिक प्रोजेक्ट मॉनिटरिंग यूनिट, मेधज टेको कॉन्सेप्ट प्रा.लि., हापुड़।

सदस्य सचिव, जिला पेयजल एवं स्वच्छता मिशन हापुड़ द्वारा प्रस्तुत किये गये एजेण्डा नोट का बिन्दुवार विवरण निम्नवत् है:–

**एजेण्डा बिन्दु सं0–01 (डी0पी0आर0 विरचन का कार्य) :–**

सदस्य सचिव द्वारा अवगत कराया गया कि जनपद हापुड़ के अन्तर्गत 241 राजस्व ग्रामों के सापेक्ष 196 नग डी0पी0आर0 तैयार की जानी हैं, जिनमें से जिला पेयजल एवं स्वच्छता मिशन स्तर से वर्तमान तक कुल 193 नग पेयजल योजनाओं की डी0पी0आर0 संस्तुति कर राज्य पेयजल एवं स्वच्छता मिशन को प्रेषित कर दी गई थी, जिनमें 233 राजस्व ग्राम सम्मिलित हैं। प्रेषित डी0पी0आर0 के सापेक्ष 193 नग पेयजल योजनाओं की डी0पी0आर0 राज्य स्तरीय योजना स्वीकृति समिति (SLSSC) द्वारा स्वीकृत की जा चुकी हैं, जिनमें 233 राजस्व ग्राम सम्मिलित हैं। शेष 03 नग ग्रामों में भूमि उपलब्ध न होने के कारण डी0पी0आर0 विरचन का कार्य नहीं हो पाया है। निर्देश दिये गये कि शेष डी0पी0आर0 प्रत्येक दशा में एक सप्ताह के भीतर उपलब्ध कराकर, डी0पी0आर0 विरचन का कार्य पूर्ण कर लिया जाये।

**(कार्यवाही– अधिशासी अभियन्ता, जल निगम/ मै0 एल0सी0 इन्फ्रा–टी0सी0ई0एल0 जे0वी0, अहमदाबाद)**

एजेण्डा बिन्दु संख्या –02 (भूमि की उपलब्धता) :–

सदस्य सचिव द्वारा अवगत कराया गया कि जनपद हापुड़ के अन्तर्गत वर्तमान में 241 ग्रामों में से 238 ग्रामों में पेयजल योजना के निर्माण हेतु भूमि प्राप्त हो चुकी है। उपजिलाधिकारी, गढ़मुक्तेश्वर को दूरभाष पर निर्देश दिये गये कि शेष 03 ग्रामो में पेयजल योजना के निर्माण हेतु ग्राम समाज की निशुल्क भूमि उपलब्ध करायें। निर्देश दिये गये कि सहायक अभियन्ता द्वारा सम्बन्धित उपजिलाधिकारी से एवं जूनियर इंजीनियर द्वारा सम्बन्धित तहसीलदार से व्यक्तिगत सम्पर्क कर भूमि उपलब्ध कराने हेतु प्रयास किये जायें।

(कार्यवाही– समस्त उपजिलाधिकारी)

एजेण्डा बिन्दु संख्या –03 :– (स्वीकृत पेयजल योजनाओं पर निर्माण कार्यों की प्रगति )

सदस्य सचिव द्वारा अवगत कराया गया कि वर्तमान में 193 नग स्वीकृत पेयजल योजनाओं में से 162 नग पेयजल योजनाओं पर निर्माण कार्य प्रारम्भ कराये जा चुके हैं। शेष स्वीकृत पेयजल योजनाओं पर शीघ्रातिशीघ्र कार्य प्रारम्भ कराये जाने की कार्यवाही प्रगति पर है। फर्म को अवर जलाशयों की प्रगति बढ़ाने हेतु निर्देशित किया गया, जिसपर फर्म के प्रतिनिधि द्वारा आश्वस्त किया गया कि 10 जुलाई 2023 तक समस्त अवर जलाशयों का निर्माण कार्य एवं 01 जुलाई 2023 तक 44 पेयजल योजनाओं को पूर्ण कर लिया जायेगा। निर्देश दिये गये कि उ0प्र0 जल निगम (ग्रामीण) स्तर से प्रगति की समीक्षा की जाये एवं यथासंभव उक्त अवधि के भीतर योजनाओं को पूर्ण कर, जलापूर्ति प्रारम्भ करायी जाये। ग्रामों में किसी प्रकार का अवरोध/ विवाद होने की दशा में सम्बन्धित उपजिलाधिकारी से सम्पर्क कर निदान कराया जाये एवं ग्राम में मार्गों की मरम्मत का कार्य गुणवत्तापरक कराया जाये।

(कार्यवाही– अधिशासी अभियन्ता, जल निगम/ मै0 एल0सी0 इन्फ्रा–टी0सी0ई0एल0 जे0वी0, अहमदाबाद)

स्वीकृत डी0पी0आर0 के सापेक्ष प्रगति विवरण :–

सदस्य सचिव द्वारा अवगत कराया गया कि "जल जीवन मिशन कार्यक्रम" के अन्तर्गत 193 स्वीकृत पेयजल योजनाओं में से 162 पेयजल योजनाओं पर निर्माण कार्य प्रारम्भ कराये जा चुके हैं। निर्माण कार्यों की प्रगति का विवरण निम्न तालिका में अंकित है:–

| District | No. of Approved DPR | | No of work start | | Boring | | Distribution | | | Road Reinstatement | | OHT | | | Pump House | | | Solar | | | FHTC Till Dec-23 | |
|---|---|---|---|---|---|---|---|---|---|---|---|---|---|---|---|---|---|---|---|---|---|---|
| | DPR | RV | DPR | RV | Target | Ach. | Target | Ach. | No of Villages Complete | Target | Ach. | Target | Ach. | Complete | Target | Ach. | Complete | Target | Procured | Inst. | Target | Ach. |
| | (Nos) | (Nos) | (Nos) | (Nos) | (Nos) | (Nos) | (Km) | (Km) | (Nos) | (Km) | (Km) | (Nos) | (Nos) | (Nos) | (Nos) | (Nos) | (Nos) | (Nos) | (Nos) | (Nos) | (Nos) | (Nos) |
| Hapur | 193 | 233 | 162 | 198 | 193 | 134 | 1216 | 696 | 74 | 696 | 501 | 193 | 105 | 30 | 193 | 85 | 42 | 193 | 152 | 46 | 111272 | 70208 |

निर्देश दिये गये कि उपरोक्त निर्माण कार्यों में तीव्रता लायें एवं FHTC के निर्धारित लक्ष्यों को ससमय पूर्ण कराना सुनिश्चित करें।

**(कार्यवाही– अधिशासी अभियन्ता, जल निगम/ मै0 एल0सी0 इन्फ्रा–टी0सी0ई0एल0 जे0वी0, अहमदाबाद)**

**एजेण्डा बिन्दु संख्या –04 Zincalume Overhead Tank के निर्माण की प्रगति:–**

सदस्य सचिव द्वारा अवगत कराया गया कि अधिशासी निदेशक, राज्य पेयजल एवं स्वच्छता मिशन, नमामि गंगे एवं ग्रामीण जलापूर्ति विभाग, गोमती नगर, लखनऊ के पत्रांक 1070/W-17/(Approved)/2022–23 दिनांक 02.07.2022 द्वारा पेयजल आपूर्ति में प्रस्तावित आर0सी0सी0 ओवर हैड टैंक के विकल्प के रूप में Zincalume Overhead Tank का निर्माण कराये जाने हेतु स्वीकृति प्रदान की गई है। कार्यहित में जल जीवन मिशन कार्यक्रम के अन्तर्गत जनपद की ग्रामीण पेयजल योजनाओं के अवर जलाशय के निर्माण हेतु 200 किली0 क्षमता तक ही Zincalume Overhead Tank का निर्माण कराया जाये एवं इससे अधिक क्षमता के अवर जलाशयों का निर्माण आर0सी0सी0 टैंक के रूप में किया जाये।

**(कार्यवाही– अधिशासी अभियन्ता, जल निगम/ मै0 एल0सी0 इन्फ्रा–टी0सी0ई0एल0 जे0वी0, अहमदाबाद)**

**एजेण्डा बिन्दु संख्या –05 DPMU की प्रगति:–**

सदस्य सचिव द्वारा अवगत कराया गया कि जल जीवन मिशन कार्यक्रम के अन्तर्गत वर्तमान में जनपद हापुड़ में 162 नग ग्रामीण पेयजल योजनाओं पर निर्माण कार्य प्रगति पर हैं, जिनके निरीक्षण हेतु डिस्ट्रिक प्रोजेक्ट मॉनिटरिंग यूनिट, मेधज टेक्नो कॉन्सेप्ट प्रा.लि, हापुड़ को नामित किया गया है। डी0पी0एम0यू0 टीम द्वारा कार्यदायी फर्म, TPI, ISA तथा M/s Thinkway (Zita Tradex Pvt. Ltd.) के कार्यों का नियमित रूप से अनुश्रवण किया जा रहा है। इसके अतिरिक्त एजेंसी द्वारा **हर घर जल सम्बन्धी फीडिंग**, ऑनलाइन योजनाओं की फीडिंग एवं Geo Tagging इत्यादि कार्य किये जा रहे हैं।

निर्देश दिये गये कि सदस्य सचिव स्तर से डी0पी0एम0यू0 के कार्यों का अनुश्रवण नियमित रूप से किया जाये।

**(कार्यवाही– DPMU)**

**एजेण्डा बिन्दु संख्या –06 TPI की प्रगति:–**

सदस्य सचिव द्वारा अवगत कराया गया कि जल जीवन मिशन कार्यक्रम के अन्तर्गत वर्तमान में जनपद हापुड़ में 162 नग ग्रामीण पेयजल योजनाओं पर निर्माण कार्य प्रगति पर हैं, जिनके निरीक्षण हेतु थर्ड पाटी एजेंसी (TPI) के रूप में मै0 आरवी एसोसिएटस, आर्किटेक्ट इंजीनियर्स एण्ड कन्सलटेन्ट प्रा0लि0, खुला रेसीडेन्सी, श्रीनगर रोड, मैन कॉलोनी, हैदराबाद को नामित किया गया है। वृहद स्तर पर पेयजल योजनाओं के

गुणवत्तापरक क्रियान्वयन के दृष्टिगत टी0पी0आई0 एजेंसी द्वारा नियमित रूप से शतप्रतिशत उपस्थिति रखते हुए, पेयजल योजनाओं का निरीक्षण कार्य किया जा रहा है। निर्देश दिये गये कि निरीक्षण की प्रगति बढ़ायें। जल जीवन मिशन अत्यन्त महत्त्वपूर्ण कार्यक्रम है, जिसमें कि गुणवत्तापरक कार्य कराया जाना अपेक्षित है। यदि कार्यस्थल पर कार्य की गुणवत्ता प्रभावित होती है तो ऐसी दशा में टी0पी0आई0 के उत्तरदायी कर्मचारी की जिम्मेदारी तय की जाये एवं तदानुसार कार्यवाही की जाये।

(कार्यवाही– TPI)

**एजेण्डा बिन्दु संख्या –07 :– ISA को आवंटित क्लस्टर में कार्यों की प्रगति**

अधिशासी निदेशक, राज्य पेयजल एवं स्वच्छता मिशन के पत्रांक 2433/W–314/JJM/SA/20–21 दिनांक 25.01.2021 के अनुसार ISA द्वारा योजनाओं के क्रियान्वयन हेतु ग्रामो का सर्वे, भूमि प्रस्ताव प्राप्त करना एवं वी0ए0पी0 (VAP) तैयार करना इत्यादि कार्यो के सम्पादन किये जाने हेतु दो एजेन्सियों को क्लस्टर का आवंटन कर दिया गया है। **Planning & Mobilization Phase** के सापेक्ष कृत कार्यो का विवरण निम्नानुसार है

| S. No. | Name of Agency | Allotted GP | Gp-VWSC Upload on Portal | Gp-Vap Upload on Portal | Gram Sabha Meeting | Women Meeting | Prabhat Pheri Activitiy | Community Meeting | PRA | Bank A/c Opening |
|---|---|---|---|---|---|---|---|---|---|---|
| 1 | Gramin Vikas Trust | 160 | 160 | 160 | 320 | 480 | 480 | 160 | 160 | 155 |
| 2 | Jankalyan Shiksha Sewa Sansthan | 113 | 113 | 113 | 226 | 770 | 775 | 113 | 113 | 113 |
| **Total** | | **273** | **273** | **273** | **546** | **1250** | **1255** | **273** | **273** | **268** |

सदस्य सचिव को निर्देशित किया गया कि ISA एजेंसियों द्वारा कराये जा रहे कार्यों का नियमित अनुश्रवण करते रहें एवं आगामी बैठक में कृत कार्यों का पूर्ण विवरण उपलब्ध करायें एवं दोनों एजेंसियां समस्त ग्राम पंचायतों में क्रियाशील पेयजल योजना के लाभान्वितों से नियमानुसार जलकर की वसूली सुनिश्चित करायेंगी।

(कार्यवाही– आई0एस0ए0 एजेंसी)

## एजेण्डा बिन्दु संख्या –08 :– ISA के बीजकों की प्रगति

सदस्य सचिव द्वारा अवगत कराया गया कि जनपद हापुड़ में दो इम्प्लीमेन्टेशन सपोर्ट एजेंसियों को कुल 07 नग क्लस्टर आवंटित किये गये थे जिनमें से मै0 ग्रामीण विकास ट्रस्ट के द्वारा कुल आवंटित 04 नग क्लस्टर के सापेक्ष प्रथम–फेज का कार्य पूर्ण करते हुये, भुगतान हेतु बीजक उपलब्ध कराया गया है। विवरण निम्नवत् है:–

| क्र0 सं0 | संस्था का नाम | बीजक का कमांक | बीजक का विवरण | प्रथम किस्त के रूप में फर्म द्वारा प्रेषित बिल (रू0 लाख में) | भुगतान हेतु संस्तुति (25% धनराशि) |
|---|---|---|---|---|---|
| 1 | ग्रामीण विकास ट्रस्ट | RA-1 & RA-2 (क्लस्टर संख्या 01, 02, 04, 05) | प्रथम फेज में निर्धारित क्लस्टरों में प्राविधानित 40 ग्राम पंचायतों (प्रत्येक) की 10 गतिविधियों के पूर्ण होने पर उपलब्ध कराये गये बीजकों के सत्यापन के सम्बन्ध में। | 73.519 | 18.379 |
| कुल योग | | | | **73.519** | **18.379** |

निर्देश दिये गये कि उक्त एजेंसी के बीजकों का परीक्षण समिति गठित कर किया जाना है, जिसमें निम्न सदस्य नामित किये गये हैं :–

1. अधिशासी अभियन्ता, लोक निर्माण विभाग, हापुड़।
2. सहायक अभियन्ता, जिला ग्राम्य विकास अभिकरण, हापुड़।
3. वरिष्ठ कोषाधिकारी, हापुड़।
4. सहायक लेखाधिकारी, द्वारा – जिला विकास अधिकारी, हापुड।

उक्त अधिकारियों द्वारा बीजकों का परीक्षण करते हुए, अपनी परीक्षण आख्या अधिशासी अभियन्ता, खण्ड कार्यालय, उ0प्र0 जल निगम (ग्रामीण), हापुड़ के माध्यम से अधोहस्ताक्षरी को उपलब्ध कराई जायेगी।

**(कार्यवाही– अधिशासी अभियन्ता, लोक निर्माण विभाग,/ सहायक अभियन्ता, डी0आर0डी0ए0/ वरिष्ठ कोषाधिकारी /सहायक लेखाधिकारी हापुड/ अधिशासी अभियन्ता, जल निगम)**

## jjmup.com पोर्टल के अनुसार ग्रामों का विवरण

jjmup.com पोर्टल के अनुसार जनपद के नगरीय क्षेत्र में सम्मिलित ग्राम, गैर आबाद एवं 100 से कम आबादी की सूची निम्नानुसार है।

| जनपद | कुल ग्राम | नगरीय क्षेत्र में सम्मिलित ग्राम | गैर आबाद | 100 से कम आबादी वाले ग्राम | पोर्टल पर डुप्लीकेट ग्राम | रेट्रोफिटिंग एवं Ongoing योजना | एजेन्सी को आवंटित |
|---|---|---|---|---|---|---|---|
| हापुड़ | 316 | 01 | 03 | 05 | 01 | 70 | 236 |

जनपद हापुड़ में 238 नग आबादी राजस्व ग्राम के सापेक्ष 200 डी0पी0आर0 तैयार कर प्रस्तावित की जा चुकी है।

1) नगरीय क्षेत्र में सम्मिलित ग्राम

| S.No | Block Name | Panchayat Name | Village Name | IMIS Village Code |
|---|---|---|---|---|
| 1 | Dhaulana | Galand | Parson | 392390 |

2) गैर आबाद ग्राम

| S.No | Block Name | Panchayat Name | Village Name | IMIS Village Code |
|---|---|---|---|---|
| 1 | Garhmukteshwar | Mohammadpur Rustampur | Salhabad | 392679 |
| 2 | Hapur | Chhapkauli | Mahiuddinpur Yusufabad | 392494 |
| 3 | Hapur | Bachhlauta | Sadullapur | 392496 |

3) 100 से कम आबादी वाले ग्राम

| S.No | Block Name | Panchayat Name | Village Name | IMIS Village Code |
|---|---|---|---|---|
| 1 | Dhaulana | Sapanwat | Latifpur Mazara Sapnavat | 392436 |
| 2 | Garhmukteshwar | Aalampur Bhagwant | Alladadpur Urf Kulpur | 392645 |
| 3 | Garhmukteshwar | Shahpur Chaudhri | Kopla | 392654 |
| 4 | Garhmukteshwar | Aalampur Bhagwant | Mukimpur | 392640 |
| 5 | Garhmukteshwar | Lodipur Chhapka | Khadakpur | 392642 |

(कार्यवाही– अधिशासी अभियन्ता, जल निगम/ मै0 एल0सी0 इन्फ्रा–टी0सी0ई0एल0 जे0वी0, अहमदाबाद)

**एजेण्डा बिन्दु संख्या –09 पूर्व से निर्मित ग्रामीण पेयजल योजनाओं की स्थिति**

सदस्य सचिव द्वारा अवगत कराया गया कि जनपद हापुड़ में कुल 62 ग्रामीण पेयजल योजनाओं पर रेट्रोफिटिंग कार्य पूर्ण कराकर, ग्राम पंचायत को हस्तान्तरित कर दिये गये हैं। विभिन्न कारणों से ग्रामीण पेयजल योजनाओं का सफल संचालन ग्राम पंचायत द्वारा नहीं किया जा रहा है, ऐसी दशा में उचित होगा कि योजना के संचालन एवं अनुरक्षण हेतु एक सामान्य अनुमानित व्यय से ग्राम पंचायतों को अवगत करा दिया जाये एवं किसी प्रकार के तकनीकी सहयोग हेतु अधिशासी अभियन्ता, उ0प्र0 जल निगम (ग्रामीण), हापुड़ से सम्पर्क कर सम्बन्धित खण्ड विकास अधिकारी/ सहायक विकास अधिकारी (पं0)/ग्राम विकास अधिकारी योजनाओं का सफल संचालन सुनिश्चित करायें

**(कार्यवाही– अधिशासी अभियन्ता, जल निगम / समस्त खण्ड विकास अधिकारी)**

अन्त में बैठक सधन्यवाद समाप्त हुई।

जिलाधिकारी /अध्यक्ष
"जिला पेयजल एवं स्वच्छता मिशन"
समिति हापुड़

पत्रांक :– 810 / प्रो-34 / 58 दिनांक 12-06-2023

**प्रतिलिपिः–**

1. प्रबन्ध निदेशक महोदय, उ0प्र0 जल निगम (ग्रामीण), लखनऊ को सादर सूचनार्थ प्रेषित
2. अधिशासी निदेशक, राज्य पेयजल एवं स्वच्छता मिशन, नमामि गंगे तथा ग्रामीण जलापूर्ति विभाग, उ0प्र0 जल निगम (ग्रामीण) कम्पाउण्ड, 6–राणा प्रताप मार्ग, लखनऊ को सूचनार्थ प्रेषित।
3. संयुक्त प्रबन्ध निदेशक (ग्रामीण), उ0प्र0 जल निगम, लखनऊ को सूचनार्थ प्रेषित।
4. मुख्य अभियन्ता (ग्रामीण), उ0प्र0 जल निगम, लखनऊ को सूचनार्थ प्रेषित।,
5. मुख्य अभियन्ता (मेरठ), उ0प्र0 जल निगम (ग्रामीण), मेरठ को सूचनार्थ प्रेषित।
6. अधीक्षण अभियन्ता, मण्डल कार्यालय, उ0प्र0 जल निगम (ग्रामीण), मेरठ को सूचनार्थ प्रेषित।
7. मुख्य विकास अधिकारी, हापुड़।
8. जिला विकास अधिकारी, हापुड़।
9. जिला वनाधिकारी, हापुड़।
10. जिला मुख्य चिकित्सा अधिकारी, हापुड़।
11. जिला बेसिक शिक्षा अधिकारी, हापुड़।
12. अधिशासी अभियन्ता, निर्माण खण्ड, उ0प्र0 जल निगम (ग्रामीण), हापुड़।
13. अधिशासी अभियन्ता वाटर रिसोर्सेस/सिंचाई, हापुड़।
14. अधिशासी अभियन्ता, ग्राउण्ड वाटर, हापुड़।
15. जिला कृषि अधिकारी, हापुड़।
16. जिला सूचना एवं जन सम्पर्क अधिकारी, हापुड़।

जिलाधिकारी /अध्यक्ष
"जिला पेयजल एवं स्वच्छता मिशन"
समिति हापुड़